सार-समाचार

न्यायाधीश भाटी ने वरिष्ठ नागरिकों को कानून के प्रति जागरूक किया

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली द्वारा आज बुधवार को नेत्रहीन विकास समिति पाली में वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भाटी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम की सरल भाषा में जानकारी देते हुए नालसा मॉड्यल फॉर सीनियर सिटिजन के तहत वरिष्ठ नागरिकों का परिवार में महत्व, वरिष्ठ नागरिकों के लिए जारी जनकल्याणकारी योजनाएं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती दरों पर परिवहन सुविधा, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100, नालसा पोर्टल, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण हेतु माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 आदि के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही मांगीलाल तंवर द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता व इसकी पात्रता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं इसकी पात्रता, महिलाओं तथा बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराध, बालिकाओं के अधिकार, राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता, बाल-विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भूरण हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, नालसा व रालसा द्वारा जारी विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान पाली के अध्यक्ष लक्ष्मीपत राज मेहता, संस्थापक देवराज शर्मा, नेत्रहीन विकास समिति पाली के अध्यक्ष छगनलाल सालेचा आदि उपस्थित रहे।

धोरीमन्ना में गंदे पानी से लोग परेशान

धोरीमन्ना, (कासं)। धोरीमना नगर पालिका की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी प्रियंका कडेला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य चौराहे की गंदगी व गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही है तथा गंदगी का जगह-जगह ढेर दिखता है। गीला कचरा सड़क के बीचों-बीच फैला है व गन्दी बदबू मार रही है। मच्छरों का जमावड़ा रहता है। व्यापारियों ने बताया कि दुकानों के आगे कचरे की ट्रॉलियों भरी पड़ी रहती है। गंदी बदबू भी आ रही है और मच्छर भी पैदा होते हैं। घरों का गंदा पानी सड़क के ऊपर एक जगह इक्कट्ठे होकर तालाब का रूप लेता है, जिससे आने आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि गंदगी के कारण व्यापार भी चौपट हो चुका है। नगर पालिका के अध्यक्ष को भी कई बार समस्याओं के बारे में अवगत करवाया, लेकिन कोई इस पर ध्यान नहीं दिया। गंदे पानी सहित अन्य समस्याओं से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान अमृतलाल सेठिया, गौतम भार्गव, पेमाराम चौधरी, गणेश चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, महेश महेश्वरी, सांवलाराम सहित व्यापारी व ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

के.वी. बनाड़ में कार्यशाला शुरू

जोधपुर, (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में दो दिवसीय संकुल स्तरीय आधारभूत साक्षरता विषयक कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अभिनव पहलू के रूप में एफ.एल.एन. की अवधारणा और इसके विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालने के लिए आयोजित इस कार्यशाला में जोधपुर संकुल के दस केन्द्रीय विद्यालयों के बीस से अधिक प्राथमिक शिक्षक भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ प्राचार्य उम्मेद सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात केन्द्रीय विद्यालय जालोर के मुख्याध्यापक प्रताप कुमार भामी ने कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के प्रथम सत्र में संसाधिका तन्वी धनखड़ ने आधारभूत स्तर पर भाषा की सीख एवं आधारभूत साक्षरता के प्रमुख घटकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संसाधक मुकेश सुथार ने वाक चातुर्य और साक्षरता विषय पर बात की। संसाधिका मोनिका दलाल ने बाल साहित्य की उपादेयता के बारे विशद चर्चा की। प्रताप कुमार भामी ने अंतिम सत्र में पंचकोशीय शिक्षा पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन विजय प्रकाश ने किया।

सुभाष जयंती पर पथ संचलन आज

धोरीमन्ना, (निसं)। स्थानीय विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना 23 जनवरी को प्रात: 11.25 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष में पथ संचलन का आयोजन करेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायण दास माली ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेताजी की जयंती पर धोरीमना नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ पथ संचलन निकलेगा। मुख्य चौराहे पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने भैया बहिन झांकियां का प्रदर्शन करेंगे। इस संचलन में विद्यालय की 300 भैया बहिन भाग लेंगे। पथ संचलन विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर पटवार घर, गायत्री मंदिर, आलमजी का मंदिर ,धनाऊ मार्ग , बीएसएनएल टावर, सुभाष नगर, पुलिस थाना, सरकारी अस्पताल ,मुख्य चौराहा, नया बाजार, गंगा माई मंदिर, पंचायत घर, बोम्बे फैंसी, रामदेव मंदिर, सोनी बाजार से पुन: विद्यालय परिसर आएगा। संचलन प्रभारी विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य आसुराम बिश्नोई एवं घोष दल प्रमुख पन्नाराम चौधरी रहेंगे।

गुलाब का फूल देकर यातायात नियम बताए

जालोर, (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जालोर द्वारा जिला पुलिस व परिवहन विभाग के समन्वय से 17 से 23 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह अभियान के तहत जालोर शहर के आहोर चौराहे पर वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। नेहरू युवा केंद्र के कार्यक्रम सहायक अमित सचदेवा ने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए वाहन को सड़क पर बाएं चलने की सलाह दी। रोड से गुजस्ते समय ओवरटेक ना करने, अगर कोई वाहन ओवरटेक कर रहा हो तो अपनी वाहन की गति तेज न करने की सलाह दी। इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जालोर के युवा व नेहरु युवा केंद्र के खसाराम सहित कई स्वयंसेवक व युवा मंडल सदस्य उपस्थित रहे।

जिला निर्यात संवर्धन परिषद की बैठक हुई

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्यात संवर्धन परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से पूर्व में आयोजित हुए जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट कार्यक्रम में हुए उद्योग संबंधी विभिन्न एम.ओ.यू की वर्तमान क्रियान्वयन प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा एक जिला-एक उत्पाद के अंतर्गत ग्रेनाइट उद्योग, एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री एवं हथकरघा उद्योग (मोजड़ी निर्माण आदि) की अपार संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संग्रामाराम देवासी ने बताया कि जिला उद्योग संवर्धन परिषद जिले के उद्यमियों को निर्यात प्रोत्साहन के लिए आर.ई.पी.सी की सदस्यता ग्रहण करवाने के लिए प्रयासरत हैं। इस अवसर पर लघु उद्योग संघ के मदनराज बोहरा, लीड बैंक अधिकारी रमेश कुमार, रीको के लोकेंद्र सिंह सहित अधिकारी कार्मिक एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान हुआ

रेवदर, (निसं)। रेवदर के पास राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धांदपुर में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम पूनम सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र मीना पीइईओ उपस्थित रहे। एसीबीईओ पूनम सिंह सोलंकी ने राज्य सरकार द्वारा कक्षा 1 से 8 तक चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से अभिभावकों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है ताकि उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरणा मिल सकें। कार्यक्रम में संस्था प्रधान निखिल गर्ग द्वारा समस्त भामाशाहों दीपदान चारण, दोलतदान चारण, तेजदान चारण, कालूदान चारण, वनाराम चौधरी एवं दानाराम गर्ग का बहुमान करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक गणेशराम, मदनलाल, राकेश, मुकेश कुमार, निरंजन सिंह देवड़ा, भरत सिंह, महेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा एवं भीमाराम मीणा उपस्थित रहे।

उच्च जलाशय व पाइप लाइन का कार्य शुरू करें : डॉ. गावंडे

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 31 वीं बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने ओटीएमपी एवं नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट का रिव्यू कर नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को निर्देशित किया कि सभी प्रोजेक्ट में जिन गांवों में काम अभी तक शुरू नहीं किया है वहां प्राथमिकता से उच्च जलाशय निर्माण व पाइप लाइन का कार्य शुरू करें तथा संवेदकों की टीम को बढ़ाते हुए फरवरी माह तक सभी गांवों में कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन गांवो में काम पूरा हो गया हैं वहां शीघ्र पेयजल वितरण करते हुए हर घर नल कनेक्शन जोडे जावें साथ ही तीनों कलस्टर में संवेदको से ग्राम पंचायतों में तोड़ी गई सड़कों के मरम्मत कार्य करना सुनिश्चित की जावें।

बैठक में नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में ईआर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित 145 उच्च जलाशय में से 32 का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 5 में सिविल निर्माण कार्यो को पूर्ण करवाया जा रहा है तत्पश्चात् डीआई पाईपलाईन डाल कर जोड़ने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिस पर जिला कलक्टर ने नर्मदा परियोजना के अभियंताओं को जनवरी माह के अंत तक अधिकतम एफएचटीसी जोड़ने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों को शीघ्र पेयजल कनेक्शन जोड़कर लाभांवित करना सुनिश्चित करें। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने पेयजल जांच नमूनों की समीक्षा करते हुए कनिष्ठ लेब सहायक मोतीलाल जीनगर को जिले में पेयजल जांच में अनसेटिसफेट्री नमूनों की सूची उपलब्ध कराने के साथ ही जिले में सभी अभियंताओ को शुद्ध पेयजल सप्लाई करने के निर्देश दिए। बैङ्कक में सदस्य सचिव द्वारा ग्राम पंचायतों में प्लम्बर ट्रेड में नियुक्त नल जल मित्रों की एनजेजेएम प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी।

डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव श्यामबिहारी बैरवा ने पूर्व बैठक की पालना रिपोर्ट की जानकारी के साथ ही जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी में प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर, एफआर तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिले के 793 गांवो के घरों में कुल 3,17,283 नल कनेक्शन दिये जाने प्रस्तावित है इसमें वृहद परियोजना अंतर्गत 3,03,982 लक्ष्य की तुलना में 1,29,405 तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत 13,301 लक्ष्य की तुलना में 11,890 तक नल कनेक्शन जोडे.जा चुके है।

बैठक में अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता परियोजना खण्ड जालोर धर्मचंद सोनी, अधिशाषी अभियंता भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशाषी अभियंता परियोजना दिलीप गोपलानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भैराराम जाणी, सहायक अभियंता राजेश नैण, सुनिल गुर्जर, विजय कुमार, कृषि विभाग से विष्णु कुमार, भागीरथ सिंह, आईसीडीएस से मीठालाल सांखला, भूजल विभाग से गणपतलाल, जिला सलाहकार डीएसयू दीपक कुमार, शिक्षा विभाग से जेईन कालूराम व ईश्वरसिंह, आईएसए से कैलाश शर्मा तथा पीएचईडी परियोजना के संवेदक तथा टीपीआई कार्मिक उपस्थित रहे।

जालोर के कलैक्ट्रेट सभगार में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के . गावंडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

खुले स्थानों व फुटपाथ पर लोगों को कंबल बांटे

भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय जोधपुर के तत्वावधान में कंबल बांटे।

जोधपुर, (कासं)। भारतीय स्टेट बैंक, जोधपुर द्वारा समय समय पर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों का निर्वहन किया जाता रहा है। इसके तहत बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय, जोधपुर के तत्वावधान में सर्दी के प्रकोप से बचाव के लिए खुले स्थानों एवं फुटपाथ पर जीवन यापन करने वाले लोगों को कम्बल वितरण किये गए।

बैंक के उप महाप्रबन्धक प्रमोद नारायण तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि जरुरतमंदों की मदद करने के लिए बैंक हमेशा तत्पर रहता हैं एवं भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम जारी रखेगा। कम्बल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक सुजीत कुमार सुमन, मुख्य प्रबंधक प्रवीण नेपालीय, कुलदीप सांखला, अनुपम चारण, अभिनव बुधोलिया एवं बैंककर्मी उपस्थित थे।

दिलावर व गहलोत आज आएंगे चितलवाना

सांचोर, (कासं)। राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत गुरूवार को चितलवाना उपखंड के रतनपुरा ग्राम में माली मोनीदेवी पत्नी हरदान सोलंकी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि भामाशाह परिवार प्रेमाराम, मसराराम, रायमलराम, हरिराम माली द्वारा अपनी माता मोनीदेवी पत्नी हरदानराम सोलंकी की स्मृति में स्थानीय बालक-बालिकाओं के शिक्षा सुविधा के लिए चितलवाना के समीप स्थित रतनपुरा ग्राम में नवीन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का शुभारंभ होने जा रहा हैं।

विद्यालय शुभारंभ कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत सहित आस पास के क्षेत्र के प्रतिष्ठित प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे।

जिला परिषद की विशेष बैठक 28 को

जालोर, (कासं)। जिला परिषद जालोर की विशेष बैठक जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में 28 जनवरी को होगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने बताया कि बैठक में महात्मा गांधी नरेगा वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के अनुमोदन आदि पर चर्चा की जायेगी।

हमले के आरोपी बाप-बेटा गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। अशोक उद्यान के सामने झोपड़ पट्टी में रहने वाले एक युवक पर मजदूरी की बात को लेकर बाप बेटा और अन्य ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। उस पर चाकू से हमला किया गया जिससे वह जख्मी हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने प्रकरण में बाप बेटे को गिरफ्तार किया है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि मूलत: झालावाड़ के मंडावर हाल अशोक उद्योन के सामने रहने वाले प्रहलादसिंह पुत्र पप्पू बंजारा की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके भाई सूरज बंजारा ठेकेदार हनीफ, उसके पुत्र भाई खां और किशोर नाम के शख्स ने चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौहाबो पुलिस ने बताया कि हत्या प्रयास में प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी पिता पुत्र शोभावतों की ढाणी निवासी हनीफ खां और उसके पुत्र भाई खां को गिरफ्तार किया गया है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

शिक्षा के सामने हीरे-जवाहरात का कोई मोल नहीं : दयाराम महाराज

गुड़ामालानी, (कासं)। आंजणा कलबी समाज की ओर से भगवान राजेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार को समापन समारोह कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में पूजन शिकारपुरा पीठाधीश दयाराम महाराज, अखिल भारतीय आंजणा समाज महासभा अध्यक्ष जोगाराम पटेल, क्षेत्रीय संघ प्रचारक राजस्थान निम्बाराम चौधरी, उधोग मंत्री कृष्णा कुमार विश्नोई, सांसद उम्मेदाराम बैनिवाल,पुर्व मंत्री अमराराम चौधरी, पुर्व मंत्री हेमाराम चौधरी, विधायक आदुराम मेघवाल,पचपदरा विधायक अरूण कुमार चौधरी, गुजरात पुर्व केबिनेट मंत्री माऊजी पटेल,राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड, शंकर भाई दिल्ली, अध्यक्ष टीकमाराम पटेल, भामाशाह सांवलाराम चौधरी के सानिध्य में हुआ।

राजेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। शिकारपुरा पीठाधीश दयारामजी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहां मंदिर नहीं वहां धर्म और जाति संगठित नहीं हो सकती है । राजाराम महाराज ने कहा है कि जहां शिक्षा होगी । वहां हीरे-जवाहरात का कोई मौल नहीं । इसान के जीवन में शिक्षा से ही उजाला मिल पाता है। नशा जीवन का नाश है नशे से दूर रहने की बात कही। क्षेत्रीय संघ प्रचारक राजस्थान निम्बाराम चौधरी ने कहा कि हिंदू समाज में फैला जातिवाद को मिटाना होगा तब जाकर हम आगे बढेंगे । एवं कहां की देश संविधान से चलता है इंसान और अपने कर्तव्य पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में अतिथियों ने भी सम्बोधित करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए । मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाहों एवं कार्यकर्ताओं तथा बोलीदाताओं का अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया । समापन समारोह कार्यक्रम का मंच संचालन विरमाराम पटेल एवं श्रवण चौधरी द्वारा किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन कलबी आंजणा समाज की महिलाओं एवं पुरुषों का जन सैलाब उमड़ा।

गुड़ामालानी में भगवान राजेश्वर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

सार-समाचार

माटासन को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट माटासन गांव ग्राम पंचायत बांट से अलग कर नई ग्राम पंचायत बनाने को लेकर उपखंड अधिकारी रेवदर को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि रेवदर-आबुरोड विधान सभा की ग्राम पंचायत बांट क्षेत्रफल की दृष्टि से बडी ग्राम पंचायत है, जिसकी सीमा ग्राम पंचायत जेतावाडा, जिला जालोर व बापला, वाछोल गुजरात से सटी हुई सीमाए है। बांट ग्राम पंचायत के गांव जुजापुरा व माटासन की दुरी काफी ज्यादा है, जुजापुरा माटासन के ग्रार्मीणो को ग्राम पंचायत बांट जाने के लिए सडक की सुविधा नही होने के कारण ग्राम पंचायत बापला गुजरात या वाछोल, मण्डार, सोरडा, जेतावाडा होते हुए 25 किलो मीटर की दुरी तय करके जाना पडता है। ज्यादा दुरी होने के कारण सरकार द्वारा चलाई जा रही, विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का लाभ नही उठा पाते है। राज्य सरकार के केबिनेट बैठक के फैसले के अनुसार, ग्राम पंचायतो के पुनर्गठन करके 2000 की आबादी पर अलग से ग्राम पंचायत बनायी जायेगी। जिसमें जुजापुरा, माटासन गांवो की आबादी करीब 6000 से अधिक है। दोनो गांवो का केन्द्र बिन्दु माटासन को ग्राम पंचायत बनाना चाहते है। यह क्षेत्र विशेषकर अनुसुचित जाति, जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। माटासन को ग्राम पंचायत बनाने पर आस पास के गांवो के लोगो को सरकारी कार्य में आंसानी होगी जिससे क्षेत्र का भी विकास होगा। माटासन के आस पास के 6000 से अधिक की आबादी के गांवो को मिलाकर उक्त गांवो के केन्द्र बिन्दु माटासन को ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाकर आम जन को राहत प्रदान करने की मांग की गई। इस दौरान हरसनराम कोली, जयंती लाल, कृष्णा लाल, भेराराम मेघवाल, नारणा राम नाई, बलवंत कुमार कोली, लेराराम कोली, सवाराम भील, चुनीलाल मेघवाल, मुकेश कुमार मेघवाल, हंजारी राम कोली, करसनराम कोली, बाबु लाल कोली, शंकरा राम भील, प्रतापराम कोली सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस पर उत्कर्ष की सौगात

जोधपुर, (कासं) । उत्कर्ष क्लासेस द्वारा गणतंत्र दिवस - 2025 के अवसर को विद्यार्थियों के लिए और भी खास बनाते हुए उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर तिरंगा महोत्सव की घोषणा की गई है जिसके तहत 23 से 28 जनवरी तक उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक की भारी छूट दिए जाने के साथ ही कोर्स पर 3 माह की अतिरिक्त वैद्यता एवं मौजूदा कोर्स की वैद्यता (एक्सेस) बढाने पर भी 10 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है। उत्कर्ष क्लासेस के फाउंडर एवं सीईओ डॉ. निर्मल गहलोत ने देश भर के विद्यार्थियों को भारतीय गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगाँठ की अग्रिम शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि संस्था द्वारा उत्कर्ष एप में उपलब्ध 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर 6 दिवसीय तिरंगा महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को लाभान्वित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी अपना मनचाहा ऑनलाइन कोर्स प्राप्त कर विभिन्न परीक्षाओं की घर बैठे तैयारी कर सकेंगे। गौरतलब है कि उत्कर्ष एप में आईएएस, आरएएस, यूपीपीसीएस, एमपीपीएससी, बीपीएससी, बीएसएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त राजस्थान तथा अन्य राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, एग्रीकल्चर, न्यायिक सेवा परीक्षा इत्यादि के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर तिरंगा महोत्सव की घोषणा की गई है। इसके अतिरिक्त ई-मित्र, आर. के. सी. एल तथा सीएससी के माध्यम से कोर्स में एनरोल करने पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त डिस्काउंट भी प्राप्त किया जा सकता है।

नशे में नाले में गिरे युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती सालावास रोड पर आए एक नाले में गिरने से युवक की मौत हो गई। वह दो दिन पहले ही अपने घर से निकला था और उसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज हो रखी थी। उसकी शादी चार महिने पहले ही हुई थी, मगर शराब की लत के कारण पत्नी उसे छोडक़र पीहर चली गई। सुबह नाले में शव पड़ा होने की जानकारी पर बोरानाडा पुलिस वहां पहुंची और पहचान की। थानाधिकारी शकील अहमद ने बताया कि बोरानाडा निवासी 25 वर्षीय प्रकाश पुत्र अन्नाराम मेघवाल नशे का आदी था। उसकी चार महिने पहले ही शादी हुई थी। नशे की लत के कारण उसकी पत्नी उसे छोडक़र अपनी पीहर चली गई। वह अभी दो दिन से अपने घर से लापता था। उसकी तलाश चलने के साथ गुमशुदगी दर्ज हो रखी थी। आज दोपहर में सूचना मिली कि सालावास नाले में एक युवक का शव पड़ा है। तब उसे गोताखोर की मदद से बाहर निकाला गया। बाद में परिजन को बुलाकर पहचान करवाई गई। थानाधिकारी शकील अहमद के अनुसार वह नशे की हालत में गिरा है और पास में शराब का पव्वा भी मिला है।

नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

जोधपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में ढब्बू बस्ती में पड़ौसियों के बीच में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस बारे में पुलिस में परस्पर केस दर्ज कराए गए है। एक महिला ने अपनी नाबालिग बच्ची से मारपीट एवं छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। प्रतापनगर सदर पुलिस ने इसमें अब जांच आरंभ की है। पीड़िता का मेडिकल करवाए जाने के साथ जख्मी हालत में उसे एमजीएच में भर्ती करवाया गया। प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि ढब्बू बस्ती में दो पड़ौसियों की लड़कियों के बीच में किसी बात लेकर झगड़ा हुआ था। बाद में बड़े भी झगड़े में शामिल हो गए। मारपीट में एक बच्ची को ज्यादा चोट लगने पर उसे एमजीएच में भर्ती कराया गया। इस बच्ची की मां का आरोप है कि उसके साथ में छेड़छाड़ की गई। वहीं दूसरे पड़ौसी का आरोप है कि पड़ौसी की बच्चियों ने मारपीट की और गलत व्यवहार किया। घटना को लेकर परस्पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

सेवानिवृत ए.एस.पी. के अधिवक्ता पुत्र के सूने घर में चोरी हुई

जोधपुर, (कासं)। शहर में बढ़ी हुई सर्दी ने पुलिस की गश्त की पोल तो खोल ही रखी है साथ ही चोरों की पौ-बारह भी कर रखी है। शहर में लगातार सूने मकानों और दुकानों को चोर अपना निशाना बना रहे है। लगातार बढ़ रही चोरियों के बाद भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है। कमिश्नरेट में राइका बाग क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड एएसपी के अधिवक्ता पुत्र के मकान में चोरी हुई। वहीं जालोरी गेट के अंदर भी चोरों ने सूने मकान में सैंध लगा ली। दोनों घरों से लाखों के जेवरात, बर्तन, नगदी और प्रोपर्टी से संबंधित दस्तावेज चोरी किए गए है। पुलिस अब जांच रही है।

उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि युसुफ डेंटल के सामने राइकाबाग क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड एएसपी बहादूर खां के पुत्र राकिब खां पेशे से अधिवक्ता है। वह 27 अक्टूबर को निजी समारोह में जयपुर गए थे, बाद में वहीं पर कार्यवश रूक गए। 7 जनवरी को वापिस लौटे थे। इस बीच घर सूना था। यहां आने पर पता लगा मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। मगर जब अंदर गए तो वहां कमरें में जमी धूल पर पैरों के निशान नजर आए। इस पर पता लगा कि घर में चोरी हुई है। अज्ञात चोरों ने अलमारी का ताला तोडक़र वहां से पांच हजार की नगदी, प्रोपर्टी संबंधित दस्तावेज, मां पिता के सभी दस्तावेजों के साथ दूसरे कमरें से तांबे पीतल के बर्तन आदि चोरी कर ले गए।

जालोरी गेट के बालवाड़ी में भी चोर सूने मकान में घुसे

इसी तरह जालोरी गेट के अंदर बालवाड़ी की रहने वाली प्रेम बोराना पत्नी रामूजी बोराणा की तरफ रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 4 जनवरी को अपने परिवार सहित पीहर इंदौर शादी समारोह में गई थी। वापिस 21 जनवरी को लौटने पर देखा तब पता लगा कि मुख्य द्वार पर तो ताला लगा है, मगर अंदर जाने पर पता लगा कि ऊपर वाले द्वितीय फ्लोर में के कमरें की खुली खिडक़ी से अज्ञात चोर अंदर घुसे और वहां से अलमारी का लॉक खोलकर 1.50 लाख की नगदी के साथ सोने की चेन , नाक की फीणी, और 18 तोला चांदी के आभूषण जिनमें पायजेब जोडिय़ों को चोरी कर गए। अलमारी की चाबी पलंग पर बिस्तर के नीचे रखी हुई थी। जिसे निकालने के बाद चोरी की गई। घटना को लेकर खांडाफलसा थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने अब इसमें अग्रिम अनुसंधान आरंभ किया है।